हिंदी कार्यशाला

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ द्वारा वर्ष की प्रथम तिमाही में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए दिनांक 12 फरवरी, 2018 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को यूनिकोड व गूगल इनपुट के माध्यम से हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में डॉ. जितेंद्र कुमार ने हिंदी श्रुतलेखन सॉफ्टवेयर के बारे में भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पाठ–वाक् प्रणाली (Text to Speech System) के बारे में भी विस्तृत रूप में बताया। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से लिखित रूप को वाचिक रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। यह सॉफ्टवेयर अंधे व्यक्तियों के लिए बहुत ज्यादा लाभदायक है। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को अनुवाद के विभिन्न सॉफ्टवेयर के बारे में भी बताया गया।